52/GA/CC/M-2026-01 **Student's Copy**

| Serial No. |
| --- |
| 2004755 |

# GENERAL HINDI

*Time : 3 Hours]* *[Full Marks : 100*

1. निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** पर लगभग 500 शब्दों में एक निबंध लिखिए : **[30]**

   (क) साइबर अपराध एक जटिल और बढ़ती समस्या

   (ख) राष्ट्र निर्माण में युवा पीढ़ी की भूमिका

   (ग) कृत्रिम बुद्धिमत्ता से सम्बद्ध नैतिक चिंताएँ

2. निम्नलिखित अवतरण का एक–तिहाई शब्दों में सार लिखते हुए उसका उपयुक्त शीर्षक दीजिए : **[15]**

   समन्वय का अर्थ यह है कि हम मनुष्य की मूल एकता को स्वीकार करें और उस विशाल मानवता वाली दृष्टि को अपनाएँ जो समग्र मनुष्य जाति को सामूहिक रूप से नाना प्रकार की कुशिक्षा, कुसंस्कार और अभावों के बन्धन से मुक्त करके उसे जीवन की उच्चतर चरितार्थता की ओर ले जाने का प्रयास कर रही है। एक बार इस लक्ष्य को स्वीकार करने के बाद बहुत से आचरणों और विश्वासों के मूल्य बदलते दिखाई देंगे, और धर्म के नाम पर चलने वाली अनेक रूढ़ियाँ निरर्थक और भार मालूम होंगी। समन्वय पर विश्वास रखने वाला व्यक्ति किसी भी धर्माचार के प्रति अनादर या असहनशीलता का भाव नहीं रखेगा। उसके मन में सबके प्रति आदर या सहनशीलता का भाव रहेगा। क्योंकि वह जानता है कि मनुष्य मूलतः एक है और उसके भीतर दीर्घकाल के जो संस्कार जमे हुए हैं, वे अकारण नहीं हैं। वह निरर्थक आचारों और रूढ़ि परम्पराओं के प्रति असहनशील भी नहीं होगा। वस्तुतः इस प्रकार की सहनशीलता और आदर बुद्धि आज के युग के लिए अत्यन्त आवश्यक वस्तु है। यदि मनुष्य ने इस प्रकार की मानवीय बुद्धि की उपेक्षा की तो घोर यथार्थ की उपेक्षा करेगा, और उसका प्रभाव अत्यन्त विनाशकारी सिद्ध होगा। यह अत्यन्त हर्ष की बात है कि मनुष्य यथार्थ को सामूहिक रूप से अनुभव करता जा रहा है। इसे पूर्ण रूप से अनुभव करने में ही उसका कल्याण होगा।

3. निम्नलिखित मुहावरे–लोकोक्तियों में से किन्हीं **पाँच** के अर्थ लिखकर उन्हें वाक्यों में प्रयुक्त कीजिए : **[5×3=15]**

   (क) आकाश पाताल एक करना

   (ख) गंगा नहाना

   (ग) शैतान की आँत

   (घ) साँप छछूँदर की गति होना

   (ङ) गवाह चुस्त मुद्दई सुस्त

   (च) ज्यों–ज्यों भीजै कामरी त्यों–त्यों भारी होय

   (छ) ओखली में सिर दिया तो मूसल का क्या डर

4. निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** शब्दों के दो–दो पर्यायवाची शब्द लिखिए : [5×1=5]

(क) भ्रमर

(ख) दरिद्र

(ग) भाग्य

(घ) धरती

(ङ) घोड़ा

(च) यश

(छ) प्रतिकूल

2004755

5. निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** शब्दों के विलोम शब्द लिखिए : [5×1=5]

(क) अतिथि

(ख) नैसर्गिक

(ग) परूष

(घ) वसंत

(ङ) शोषक

(च) वक्र

(छ) स्तुत्य

6. विशेषण की परिभाषा देते हुए उसके भेदों को समझाइए। [10]

अथवा

कारक की परिभाषा देते हुए उसके भेदों को समझाइए।

7. निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** शब्दों के संधि विच्छेद करते हुए संधि का नाम भी लिखिए : [5×1=5]

(क) पवन

(ख) न्यून

(ग) उद्धार

(घ) सुषुप्ति

(ङ) अब्धि

(च) यशोधन

(छ) नमस्ते

8. क्रिया की परिभाषा देते हुए उसके भेदों को स्पष्ट कीजिए। [5]

9. निम्नलिखित अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध कीजिए : [10×1=10]

(क) वे परस्पर एक–दूसरे से लड़ते हैं।

(ख) तीन शहर का नाम बताइए।

(ग) तुम्हारा दर्शन दुर्लभ है।

2004755

(घ) मैं भोजन कर लिया हूँ।

(ङ) मुझे किसी के ऊपर विश्वास नहीं है।

(च) वह दण्ड देने के योग्य है।

(छ) बहुत से कालेज के विद्यार्थी जमा हुए।

(ज) मैं तेरे को एक घड़ी दूँगा।

(झ) यह मेरी पैत्तिक सम्पत्ति है।

(ञ) सभी सदस्य अपनी राय दें।